प्रादेशिक समाचार
28.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया संकट पर झारखंड समेत सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ की उच्च–स्तरीय चर्चा, केन्द्र ने पेट्रोल–डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाया, लॉकडाउन की खबरों को नकारा।

2. उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन आज एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे झारखंड, खूंटी के उलिहातू में भगवान बिरसा मुंडा को देंगे श्रद्धांजलि; आईआईएम रांची के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल।

3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज असम के गोसाईगांव से करेंगे झामुमो के चुनाव अभियान की शुरुआत; कल नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी रहेंगे असम के दौरे पर।

4. रांची, चतरा और हजारीबाग समेत राज्य के कई जिलों में आज आंधी–बारिश और वज्रपात की संभावना; मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।

5. हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार में झारखंड को सर्वश्रेष्ठ हॉकी इकाई का अवार्ड, सिमडेगा के मनोज कोनबेगी को जमनलाल शर्मा अमूल्य योगदान पुरस्कार।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया के संकट को देखते हुए राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ उच्च–स्तरीय वर्चुअल बैठक की। बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी शामिल हुए।

प्रधानमंत्री ने ऊर्जा सुरक्षा, आपूर्ति व्यवस्था और नागरिकों के हितों की रक्षा को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने किसी भी चुनौती से निपटने के लिए केंद्र और राज्यों को टीम इंडिया के रूप में एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया है।

**********************

इस बीच केन्द्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर 10–10 रुपये उत्पाद शुल्क कम कर दिया है। इससे पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी और उपभोक्ताओं पर पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक तेल की बढ़ती कीमतों का असर नहीं पड़ेगा। झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सरकार के कदम की सराहना करते हुए कहा कि इससे आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

**********************

केंद्र सरकार ने देश में लॉकडाउन की अफवाहों को पूरी तरह खारिज करते हुए नागरिकों को भ्रामक खबरों से सावधान रहने की सलाह दी है। पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि भारत के पास वर्तमान में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। यह अगले दो महीनों के लिए आपूर्ति सुनिश्चित करेगा और एलपीजी तथा पीएनजी की उपलब्धता संतोषजनक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि रिफाइनरी पूरी या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं।

**********************

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन आज झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वे कुछ देर बाद रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से वे खूंटी के लिए रवाना हो जायेंगे। उपराष्ट्रपति उलिहातू जाकर भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके पश्चात, वे राजधानी रांची में आईआईएम रांची के 15वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर मेधावी छात्र–छात्राओं को पदक प्रदान करेंगे।

**********************

मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन आज असम के दौरे पर हैं। वे कोकराझार जिले के गोसाईगांव में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस रैली के जरिए झामुमो असम विधानसभा चुनाव के लिए अपने चुनावी अभियान का औपचारिक आगाज करेगी। मुख्यमंत्री के साथ पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी इस दौरे में शामिल रहेंगे। कल भाजपा के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी का असम दौरा प्रस्तावित है।

**********************

लोहरदगा के भक्सो कोयल नदी पर बने रेलवे ब्रिज संख्या 115 का ट्रायल सफल रहा है। कल टावर कार और मल्टी इंजन के सफल परीक्षण के बाद, अब आज से रांची–लोहरदगा पैसेंजर ट्रेन का परिचालन फिर से शुरू हो जाएगा। इससे क्षेत्र के हजारों दैनिक यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

**********************

राज्य भर में जय श्री राम के उद्घोष और पारंपरिक अखाड़ों के शौर्य प्रदर्शन के साथ रामनवमी का त्योहार संपन्न हुआ। राजधानी रांची के तपोवन मंदिर सहित हजारीबाग, पलामू, जमशेदपुर और कोडरमा में भव्य झांकियां और शोभायात्रा निकाली गईं। कोडरमा में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रामभक्तों का उत्साहवर्धन किया।

**********************

धनबाद के बलियापुर थाना क्षेत्र के भिखराजपुर में रामनवमी जुलूस पर पथराव के बाद स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये हैं। घटना में एक दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है। उपायुक्त आदित्य रंजन और एसएसपी प्रभात कुमार ने देर रात मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। सुरक्षा के मद्देनजर इलाके में कर्फ्यू लागू कर दी गई है और उपद्रवियों की पहचान की जा रही है।

**********************

बोकारो जिले के पेटरवार स्थित खेतको पंचायत में रामनवमी जुलूस के दौरान बड़ा हादसा हो गया है। झंडा लगाने के दौरान लोहे की पाइप हाई टेंशन तार की चपेट में आने से छह लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बोकारो जनरल अस्पताल रेफर किया गया है, जहां कुछ की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

**********************

राज्य में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। राज्य के कई हिस्सों में कल रात तेज आंधी के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज भी रांची, चतरा और हजारीबाग समेत कई जिलों में आंधी–बारिश और वज्रपात के साथ ओलावृष्टि की संभावना जताई है। खराब मौसम को देखते हुए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

**********************

खेल की खबरें–

नई दिल्ली में आयोजित हॉकी इंडिया के 8वें वार्षिक पुरस्कार समारोह में सिमडेगा को हॉकी की नर्सरी बनाने के लिए मनोज कोनबेगी को प्रतिष्ठित जमन लाल शर्मा अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शानदार प्रदर्शन के लिए हॉकी झारखंड को 10 लाख रुपये की पुरस्कार राशि भी दी गई। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने यह सम्मान प्रदान करते हुए कहा कि खिलाड़ियों का जुनून पूरे राष्ट्र को प्रेरित करता है।

वहीं, रायपुर में आयोजित प्रथम खेलो इंडिया जनजातीय खेलों में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारोत्तोलन में बाबूलाल हेंब्रम ने रजत और ओम कुमार ने कांस्य

पदक जीतकर राज्य का खाता खोला। मैदानी खेलों में महिला हॉकी टीम ने गुजरात को 16–0 और महिला फुटबॉल टीम ने असम को 9–1 से करारी शिकस्त दी।

क्रिकेट प्रेमियों के लिए आज का दिन खास है क्योंकि आईपीएल–2026 का आज से आगाज हो रहा है। उद्घाटन मुकाबला शाम साढ़े सात बजे बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा।

**********************

<u>अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पश्चिमी एशिया संकट पर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– ईरान–अमेरिका जंग के बीच मोदी सरकार ने लिये राहत के दो बड़े फैसले, न ईंधन महंगा होगा, न लॉकडाउन।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सीसीएल सुरक्षा प्रभारी समेत चार पर चार्जशीट।

प्रभात खबर के अनुसार– झारखंड में कोल इंडिया करेगी बड़ा निवेश।

दैनिक जागरण के शब्द हैं–आज से शुरु होगा आईपीएल का रोमांच।

*********समाप्त*********